This question paper contains 4 printed pages.

Roll No. ..............................

B.A. (Part-I)

Gen. Hindi

# 1001 (Regular)

# B.A. (Part-I), Examination, 2022

(Faculty of Arts)

[Also Common with subsidiary paper of B.A. (Hons.) Part-I]

(Three-Year Scheme of 10+2+3 Pattern)

## GENERAL HINDI

## ( सामान्य हिन्दी )

Paper : HIN-1001 (Regular)

**Time Allowed : Three Hours**
**समय : 3 घंटे**

**Maximum Marks : 100**
**अधिकतम अंक : 100**

प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न-पत्र पर रोल नम्बर अवश्य लिखें। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न हेतु निर्धारित अंक उसके सामने अंकित है।

किसी भी परीक्षार्थी को पूरक उत्तर-पुस्तिका नहीं दी जाएगी। अत: परीक्षार्थी को चाहिए कि वे मुख्य उत्तर-पुस्तिका में ही समस्त प्रश्नों के उत्तर सही ढंग से लिखें।

1. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए -

(क) राजस्थान में वीरों, सन्तों, सतियों, साहित्यकारों, कलाकारों और समृद्धिशाली व्यक्तियों की प्रसिद्धि भारत में ही नहीं विदेशों में भी फैल हुई है। यह प्रदेश पहले कई भागों व राज्यों में बँटा हुआ था और इसके मरू, जांगल, मत्स्य, मेदपार, सपादलक्ष, बागड, खंड, गुर्जरत्रा आदि विभिन्न नाम काफी प्रसिद्ध रहे हैं।

**अथवा**

हमारी पौराणिक कथाओं के अनुसार शनि महाराज सूर्य के पुत्र हैं। भैंसा इनका वाहन है। पाश्चात्य ज्योतिष में शनि को सैटर्न कहते हैं। यूनानी आख्यानों के अनुसार सैटर्न जूपीटर के पिता हैं। रोमन लोग सैटर्न को कृषि का देवता मानते थे। हमारे देश में शनि महाराज तेल के देवता बन गए हैं।

(5)

(ख) सालाना इम्तहान हुआ। भाई साहब फेल हो गए, मैं पास हो गया और दरजे में प्रथम आया। मेरे और उनके बीच में केवल दो साल का अंतर रह गया। जी में आया, भाई साहब को आड़े हाथों लूँ - आपकी वह घोर तपस्या कहाँ गई? मुझे देखिए, मजे से खेलता भी रहा और दरजे में अव्वल भी हूँ।

**अथवा**

यह रजिया का गाँव है, यहाँ रजिया रहती थी। किन्तु क्या आज मैं यह भी पूछ सकता हूँ कि यहाँ कोई रजिया नाम की चूड़िहारिन रहती थी, या है? हसन का नाम लेने में भी शर्म लगती थी। मैं वहाँ नेता बनकर गया था। मेरा जय-जयकार हो रहा था, कुछ लोग मुझे घेरे खड़े थे?

(5)



StudentSuvidha.com
downloaded from
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

2. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए -

(क) बहुत दिनन की जोवती, बाट तुम्हारी राम।
जिव तरसै तुझ मिलन कूँ मन नाहीं विश्राम।।

आइ न सकौं तूझ पै, सकूँ न तुझ बुझाइ।
जियरा यौंही लेहुगे, बिरह तपाइ तपाइ।।

अथवा

रहिमन खोजे ऊख में, जहाँ रसन की खानि।
जहाँ गाँठ तहँ रस नहीं, यही प्रीति में हानि।।

रहिमन देख बड़ेन को, लघु न दीजिये डारि।
जहाँ काम आवे सुई, कहा करे तलवारि।। (5)

(ख) चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए,
विपत्ति विघ्न जो पड़े उन्हें ढकेलते हुए।
घटे न हेल मेल हो, बढ़े न भिन्नता कभी,
अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हो सभी।
तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

अथवा

समर शेष है, जनगंगा को खुल कर लहराने दो,
शिखरों को डूबने और मुकुटों को बह जाने दो।
पथरीली, ऊँची जमीन है, तो उसको तोड़ेंगे,
समतल पीटे बिना समर की भूमि नहीं छोड़ेंगे।
समर शेष है, चलो ज्योतियों के बरसाते तीर।
खण्ड-खण्ड हो गिरे विषमता की काली जंजीर।। (5)

3. (क) 'राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर' निबंध की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

रामवृक्ष बेनीपुरी के रेखाचित्र 'रजिया' की प्रमुख पात्र रजिया का चरित्र चित्रण कीजिए। (7½)

(ख) विजयदान देथा की कहानी 'सिकंदर और कौआ' के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'आज भी खरे हैं तालाब' अनुपम मिश्र के पर्यावरण परक निबंध के मूल प्रतिपाद्य को स्पष्ट कीजिए। (7½)



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

4. (क) सूरदास के वात्सल्य वर्णन पर प्रकाश डालिए।

अथवा

तुलसी की समन्वय भावना पर निबंध लिखिए। (7½)

(ख) मीरा की भक्ति भावना पर लेख लिखिए।

अथवा

रामधारी सिंह दिनकर की कविता 'समर शेष है' का भावार्थ लिखिए। (7½)

5. (क) निम्नांकित में से किसी एक विषय पर 300 शब्दों में निबंध लिखिए -

(i) कोरोना : एक वैश्विक महामारी

(ii) पर्यावरण संरक्षण

(iii) जनसंख्या वृद्धि एक विस्फोट

(iv) अशिक्षा एक अभिशाप (8)

(ख) निम्नांकित में से किसी एक पंक्ति के अर्थ का पल्लवन कीजिए -

(i) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।

(ii) घर का जोगी जोगना, आन गाँव का सिद्ध (5)

(ग) निम्नांकित अवतरण का एक तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए -

किसी देश की उन्नति एवं अवनति उस देश के साहित्य पर ही अवलंबित है। चाहे वह देश को उन्नति की चरम सीमा पर पहुँचा दे और चाहे तो अवनति के गर्त में गिरा दे। कवि रवि की पहुँच से भी अधिक प्रकाश करता है। वही निर्जीव जाति में प्राण प्रतिष्ठा करता और निराशापूर्ण हृदय में आशा का संचार करता है। वही राजनीति को प्रेरणा देता तथा राजनीतिज्ञों को पथ प्रदर्शन करता है। वही अतीत के गौरव गीत गाता है और साथ ही भविष्य की स्वर्णिम कल्पना करता है।

अथवा

आधुनिक युग में राष्ट्र के जीवन में समाचार-पत्रों का बड़ा महत्व है। जिस देश में जितने अच्छे और जितने अधिक समाचार-पत्र होते हैं, वह देश उतना ही उन्नत और प्रभावशाली समझा जाता है। बहुत से क्षेत्रों में जो काम समाचार पत्र कर जाते हैं, वे बड़ी-बड़ी सेनाएँ और प्रभावशाली राजनेता भी नहीं कर पाते। समाचार पत्र एक ओर तो जनता का मत सरकार और संसद पर प्रकट करते हैं, दूसरी ओर देश में सुदृढ़ और संतुष्ट लोकमत तैयार करते हैं। देश को सब प्रकार से जाग्रत रखने में जितनी अधिक सहायता समाचार पत्रों से मिलती है, उतनी शायद किसी और चीज़ से नहीं। (4)

(घ) (i) स्वयं को अजमेर निवासी पंकज मानते हुए जलदाय विभाग अजमेर के अधीक्षण अभियन्ता को एक पत्र लिखिए जिसमें शहर में चल रहे जल संकट का विवरण हो।

अथवा

कार्यालय ज्ञापन का प्रारूप तैयार कीजिए। (4)



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(ii) नवीन नियुक्ति पर कार्यग्रहण कराये जाने का एक कार्यालय आदेश तैयार कीजिए।

अथवा

महाविद्यालय में संविदा पर लिपिक लगाये जाने हेतु एक विज्ञप्ति तैयार कीजिए। (4)

(ङ) किसी एक उपसर्ग से दो शब्द बनाइये -

(i) प्रति (ii) अप (2½)

(च) किन्हीं दो शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए -

(i) स्वागत (ii) परोपकार

(iii) इत्यादि (iv) सदैव (2½)

(छ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए -

(i) हत्यारे को मृत्युदण्ड की सजा मिल ही गई।

(ii) कोई भी आदमी की हालत ठीक नहीं है।

(iii) मेरे मित्र ने यह पुस्तक आपको समर्पण की है। (3)

(ज) निम्नलिखित में से किन्हीं दो लोकोक्तियों का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए -

(i) ऊँची दुकान फीके पकवान

(ii) चमड़ी जाए पर दमड़ी न जाए

(iii) घर का जोगी जोगना आन गाँव का सिद्ध

(iv) तेते पाँव पसरिए जेती लम्बी सौर (5)

(झ) किन्हीं पाँच के हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखिए -

(i) GAZETTE (ii) INVOICE

(iii) MEMO (iv) REGISTRY

(v) STANDARD (vi) DEED

(vii) BOND (viii) CONTRIBUTION (5)

(ञ) किन्हीं दो शब्दों को शुद्ध कीजिए -

(i) अहिल्या (ii) निहारिका

(iii) उपरोक्त (iv) प्रमोदित (2)

(ट) समास की परिभाषा देते हुए समास के भेदों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

क्रिया विशेषण किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाइए। (5)

❑❑❑



downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com